मुख्यमंत्री और कांग्रेस ने मान लिया कि योजनाएं चुनाव नहीं जिता सकती

जिन योजनाओं का बखान हो रहा था, उनके बजाय अब जातिगत समीकरण महत्वपूर्ण हो गए कांग्रेस के लिए

- **यही कारण है कि जातिगत जनगणना का सिगूफा छोड़ा गया है, वहीं मुख्यमंत्री हर जाति का अलग बोर्ड बनाने की घोषणाएं कर रहे हैं**
- **यह अलग बात है कि मुख्यमंत्री गहलोत ओबीसी के घोषित नेता होने के बावजूद इन जातियों को कभी कांग्रेस से नहीं जोड़ पाए हैं**

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान में राज्य सरकार की ओर से जो योजनाएं चलाई जा रही है उनका प्रचार कांग्रेस दम लगाकर कर रही है, लेकिन कांग्रेस की शायद यह बात समझ गई है कि इन योजनाओं के नाम पर चुनाव नहीं जीते जा सकते, इसलिए अब कांग्रेस का ध्यान पूरी तरह जातिगत जनगणना और जातियों के बोर्ड बनाने पर लगा हुआ है। यही कारण है कि पिछले तीन दिन के दौरान ही 11 से ज्यादा जातिगत बोर्ड बनाए गए हैं।

दरअसल राजस्थान की सरकार पिछले 6 महीने के दौरान जिस तरह से दनादन राजस्थान की जनता के लिए योजना बना रही थी। उनमें कहीं मोबाइल बांटने की योजना, फ्री राशन की योजना, फ्री बिजली की योजनाएं आदि। इसके बावजूद राजस्थान की सरकार को यकीन नहीं है कि यह योजनाएं उसे चुनाव जितवा सकती है, जबकि कांग्रेस के तमाम नेता यह कहते नहीं थकते कि इस बार जो हमारी योजनाएं हैं, उनका तोड़ विपक्ष के पास नहीं है। दरअसल इतनी सारी योजनाओं का बखान करने के बावजूद जिस तरह से मंत्री विधायकों का उनके क्षेत्र में जबरदस्त विरोध देखने को मिल रहा है और वही जनता की ओर से योजनाओं के बावजूद कांग्रेस नेताओं को अच्छा रिस्पांस नहीं मिल रहा है। यह देखकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित सभी नेताओं को समझ आ गया है कि सिर्फ योजनाओं के नाम पर चुनाव नहीं जीता जा सकता।

यही कारण है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत किसी भी जाति को नहीं छोड़ना चाहते जिसका कि बोर्ड गठित नहीं हो पाए। अब जातिगत जनगणना का नया सिगूफा भी मुख्यमंत्री की ओर से छोड़ा गया है कि अगर कांग्रेस की सरकार रिपीट हुई, तो राजस्थान में जातिगत जनगणना कराई जाएगी। वहीं इससे पहले ही चुनाव के मुहाने पर जब आचार संहिता लगने में एक-दो दिन बाकी हैं, उससे पहले ही राजस्थान में जातियों के बोर्ड गठित किया जा रहे हैं, जबकि यह तमाम जातियां एससी, एसटी या ओबीसी में आती है। इनके पहले से ही बोर्ड, निगम या आयोग बने हुए हैं। इसके बावजूद अब हर जाति का अलग-अलग बोर्ड गठित किया जा रहा है। यानी कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जो दावे करते थे कि योजनाओं के नाम पर हम चुनाव जीतेंगे। हमने इतनी योजनाएं दी हैं, लेकिन अब उन्हें भी यकीन नहीं है कि यह योजनाएं कांग्रेस को वोट दिलाने में सक्षम है। ऐसे में अब पूरा चुनाव जातिगत जनगणना और जातियों के बोर्ड बनाकर उनके वोट हासिल करने की ओर घूम गया है। वैसे तो खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ओबीसी से आते हैं और ओबीसी का झंडा लेकर ही वह कांग्रेस में बड़े नेता बने हुए हैं, इसके बावजूद ओबीसी की मूल जातियों का वोट बीजेपी को मिलता रहा है और सिर्फ वोट की बात ही नहीं है, बल्कि राजस्थान में मूल ओबीसी की छोटी जातियों के विधायक भी कांग्रेस के बजाय भाजपा के टिकट पर ज्यादा जीतकर आते रहे हैं। यही कारण है कि राज्य की मूल ओबीसी की जातियां और सवर्ण वर्ग भाजपा के पुख्ता वोटर बने हुए हैं। अब कांग्रेस बोर्ड बनाकर विभिन्न जातियों को बांटने का प्रयास कर रही है, लेकिन क्या यह प्रयास सफल होगा, जातियां भाजपा को छोड़कर कांग्रेस के साथ आएंगी, यह देखना मजेदार होगा।

इधर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से स्वीकृति के बाद शनिवार को राजस्थान राज्य राजा बली कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य वाल्मिकी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य मेघवाल कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य पुजारी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य कल्याण (मां पूरी बाई कीर) बोर्ड, राजस्थान राज्य जाटव कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य धाणका कल्याण बोर्ड व राजस्थान राज्य चित्रगुप्त कायस्थ कल्याण बोर्ड बनाने की घोषणा की गई हैं। सभी बोर्ड संबंधित वर्गों की स्थिति का जायजा लेने, प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव राज्य सरकार को देंगे।

बागड़ा ब्राह्मण समाज भवन के लिये 21 लाख रुपये स्वीकृत

जयपुर। जयपुर में 18 अगस्त 2019 को आयोजित किये गये अखिल भारतीय बागड़ा ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान सम्मान समारोह में बागव ऋषि भवन, गोनेर (जयपुर) में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु विधायक कोष से स्वीकृति जारी करने की विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष, भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं आमेर विधायक डॉ. सतीश पूनिया से मांग की गई थी, बागड़ा समाज ने सतीश पूनिया से कहा था कि आप विधायक कोष से 21 लाख रुपये की अनुशंसा कर दीजिये हम स्वीकृत करवा देंगे, जिस पर सतीश पूनियां ने तत्काल अमल करते हुये 30 सितंबर 2019 को विधायक कोष से 21 लाख रुपये की अनुशंसा कर दी थी। बागड़ा समाज द्वारा गोनेर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु विधायक सतीश पूनियां से निरंतर मांग की जा रही थी, जिस पर सतीश पूनिया ने संवेदनशीलता एवं अपने संकल्प का परिचय देते हुये राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी से आग्रह किया, जो पूरे प्रदेश में सांसद कोष स्वीकृत कर सकते हैं। घनश्याम तिवाड़ी ने सतीश पूनिया की अनुशंसा पर उक्त 21 लाख रुपये बागव ऋषि भवन,गोनेर के लिये स्वीकृत कर दिये हैं।

राम की शरण में खाचरियावास

राजस्थान के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने अपने विधानसभा क्षेत्र में ऐसे होर्डिंग और पोस्टर लगवाए हैं, जिनमें ''जय सियाराम'' लिखा हुआ है। साथ ही खुद का नाम और पद लिखा गया है। इसके अलावा ना तो इसमें कांग्रेस का चुनाव चिन्ह है, ना कांग्रेस का झंडा है। ऐसे में जयपुर में यह चर्चाएं भी सुनी जा रही है, कि क्या मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास का कहीं कांग्रेस से मोह भंग तो नहीं हो गया है?

प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या करने को मजबूर बालिकाएं : डॉ. अल्का सिंह

जयपुर। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का सिंह गुर्जर ने प्रदेश में लगातार बढ़ते महिला अपराधों को लेकर प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि राजस्थान में नाबालिग बच्चियां दुष्कर्म व प्रताड़ना से त्रस्त होकर सिसकियां भर रही हैं और आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। बढ़ती महिला अपराध की घटनाओं के बावजूद प्रदेष की गूंगी बहरी महिला विरोधी कांग्रेस सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही, अब इस महाभ्रष्ट और आततायी कांग्रेस सरकार की विदाई तय हो चुकी है। हाल ही में प्रतापगढ़ जिले में दो आदिवासी नाबालिग बालिकाओं ने छेड़खानी व प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। भरतपुर में टिफिन देने गई नाबालिग के साथ बंद कमरे में गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया, हैरानी की बात यह है कि इस मामले में एफआईआर तक दर्ज नहीं होने दी। इसके बाद प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार पर पैसे देकर राजीनामा करने का दबाव बनाया। राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताने वाले मंत्री शांति धारीवाल के क्षेत्र कोटा में एक महिला का गला रेत कर हत्या कर दी गई। प्रदेश के किसी भी कोने में महिला, बच्चियां सुरक्षित नहीं है। सड़क, खेत, स्कूल, चिकित्सा स्थल, एंबुलेंस यहां तक पुलिस थानों जैसी जगह पर भी महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ हो रही है, और रक्षक ही भक्षक बने हुए हैं। भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति की है, और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ा है।

पीपलखूंट की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली : राजेंद्र राठौड़

जयपुर। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस के जंगलराज में महिलाओं और बेटियों पर अत्याचार चरम पर है। प्रतापगढ़ जिले के पीपलखूंट में छेड़खानी से परेशान 2 स्कूली छात्राओं द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। यह घटना प्रदेश की लचर-कानून व्यवस्था पर भी सवालिया निशान है।

राठौड़ ने कहा कि गृह विभाग के मुखिया के रूप में विफल हो चुके अशोक गहलोत के राज में यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी धौलपुर जिले में चार युवकों द्वारा स्कूल से घर लौट रही कक्षा 9वीं की छात्रा से रास्ते में छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया गया था, जिससे आहत और परेशान होकर छात्रा ने घर पहुंचकर आत्महत्या कर ली थी। यही नहीं, डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में 10वी कक्षा में पढ़ने वाली 15 साल की नाबालिग गैंगरेप पीड़िता ने घटना से आहत होकर आत्महत्या का प्रयास किया और हनुमानगढ़ में इंसाफ नहीं मिलने के बाद रेप पीड़िता ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली थी। राठौड़ ने कहा कि यह सभी घटनाएं अपराधियों की शरणस्थली बन चुके प्रदेश में महिला विरोधी कांग्रेस सरकार के तमाम दावों की पोल खोल रही हैं। राजस्थान पुलिस मासिक प्रतिवेदन के अनुसार महिला अत्याचार के 38 हजार 936 प्रकरण वर्ष 2023 के जून माह तक दर्ज हुए हैं। जिसमें छेड़छाड़ के 13 हजार 455 मामले दर्ज हुए थे। आज प्रदेश बेखौफ अपराधियों के कारण बहन-बेटियों को आत्म हत्या करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

जवाब तलब

जयपुर। हाईकोर्ट ने प्रमुख शिक्षा सचिव और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को 18 अक्टूबर को अदालत में रिकॉर्ड सहित हाजिर होने के आदेश दिए हैं। अदालत ने दोनों अधिकारियों से पूछा है कि जिन स्कूलों में विशेष विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं, उन स्कूलों में विशेष शिक्षक नियुक्त करने के क्या प्रावधान है। सीजे एजी मसीह और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश दिये।



एशियाई खेलों में एक स्वर्ण सहित पांच पदक जीतने वाली भारतीय स्क्वैश टीम की कोच सुरभि मिश्रा और स्क्वैश स्पर्धाओं के रैफरी धीरज सिंह का जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद रामचरण बोहरा, कर्नल राज्यवर्धन सिंह, विधायक कालीचरण सराफ और पूर्व विधायक राजपाल सिंह शेखावत उपस्थित थे।

तृतीय पुण्यतिथि

30.08.1972 - 07.10.2020

स्व. श्री शिरिष शर्मा

हर खुशी में कुछ कमी रह जाती है, आँखें थोडी शबनमी रह जाती है।
जिन्दगी को हम कितना भी संवारे बिन आपके कोई ना कोई कमी रह जाती है।

श्रद्धावनत- रिशा-सर्वेश्वर शर्मा (माता-पिता), नमिता-डॉ. अतुल शर्मा (बहन-जीजाजी), पारिजात, सृष्टि (भांजा, भांजी), समस्त परिवार एवं मित्रगण। मो. 9079367552

तीये की बैठक

मेरी धर्मपत्नी
श्रीमती टोमा देवी
धर्मपत्नी श्री महेंद्र कुमार कायथ का निधन दिनांक 6.10.2023 को हो गया। तीये की बैठक दिनांक 08.10.2023 रविवार को सांय 4 से 5 बजे निवास स्थान- म. नं. S 18, तेल मील की गली, अमृतपुरी, घाट गेट, जयपुर पर होगी।
शोकाकुलः- उमराव मल कायथ (जेठ), शंकर- मधु (देवर- देवरानी), संजय- सुमन, सोनू- सुमन, मोनू- ममता, कुलदीप- रजनी (पुत्र- पुत्रवधू), वंश कार्तिक, यश, देवांश, परी, टीना (पौत्र, पौत्री) एवं समस्त कायथ परिवार। 9928491518


हमारे पूजनीय पिताजी
श्री कजोड मल चांदोलिया
का स्वर्गवास दिनांक 06.10.2023 को हो गया है, जिनकी तीये की बैठक आज दिनांक 08.10.2023 को सांय 4:00 से 5:00 बजे तक हमारे निवास स्थान चांदोलियों की ढाणी, वार्ड नंबर 45, चौमू पर होगी।
शोकाकुल- जयनारायण (पुत्र), अशोक, धर्मेंद्र, जितेंद्र (पौत्र), ईशान (पड़पौत्र), ईश्वर जी, रामसहाय जी, श्रवण जी, रामनाथ जी, सुवालाल जी, रामरतन जी, देवनारायण, नरेंद्र कुमार, हरभजन, खेमचंद, रामकिशोर, रामदयाल एवं समस्त चांदोलिया परिवार। फर्मः- अशोका इलेक्ट्रिकल्स सीकर रोड, चौमू। मोबाइलः- 9414522880

गैंगस्टर राजू ठेहट हत्याकांड मामले में जेल प्रहरी सहित तीन को जमानत

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने गैंगस्टर राजू ठेहट हत्याकांड से जुड़े मामले में दो जेल प्रहरियों वीरेन्द्र सिंह और योगेश वर्मा सहित महिला सुधा को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने यह आदेश तीनों आरोपियों की जमानत याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता लंबे समय से जेल में बंद हैं। ऐसे में अब उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में रखने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए आरोपियों को जमानत पर रिहा करना उचित रहेगा।

जमानत याचिका में अधिवक्ता दीपक चौहान ने अदालत को बताया कि जेल प्रहरी याचिकाकर्ताओं पर आरोप है कि उन्होंने राजू ठेहट हत्याकांड में शामिल मुख्य षडयंत्रकर्ता कुलदीप को मोबाइल फोन मुहैया कराया था। वहीं याचिकाकर्ता महिला पर हत्याकांड में शामिल शूटर को पचास हजार रुपए और हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है। याचिका में कहा गया कि अजमेर जेल हाई सिक्योरिटी वाली जेल है। जहां हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। ऐसे में यह संभव नहीं है कि वहां तैनात याचिकाकर्ता ने कुलदीप को मोबाइल फोन उपलब्ध कराया। इसके अलावा मोबाइल फोन भी बरामद नहीं हुआ है। याचिका में भी कहा गया कि राजू ठेहट की हत्या में याचिकाकर्ताओं के शामिल होने का कोई साक्ष्य भी मौजूद नहीं है। यहां तक की एफआईआर में भी याचिकाकर्ताओं के नाम नहीं है। पुलिस ने बाद में आईपीसी की धारा 120बी जोडकर उनके खिलाफ आरोप पत्र पेश किया है। वहीं याचिकाकर्ता सुधा पर रुपए और हथियार देने का आरोप है, लेकिन इसकी कोई ठोस साक्ष्य अभियोजन पक्ष के पास नहीं है। याचिकाकर्ता लंबे समय से जेल में बंद हैं। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका सरकारी वकील की ओर से विरोध किया गया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने तीनों याचिकाकर्ताओं को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

जयपुर में दो आर. ओ. बी. और दो अंडरपास बनेंगे

जयपुर। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा के प्रयासों से जयपुर-सवाई माधोपुर लाइन पर रामपुरा एवं शिकारपुरा में 88.94 करोड़ की लागत से दो आरओबी बनेंगे।साथ ही 9.98 करोड़ की लागत से खातीपुरा-कानोता स्टेशन के मध्य लेवल क्रॉसिंग 209 व 210 पर अंडरपास बनाये जाएंगे। दो लेन का आरओबी लेवल क्रॉसिंग नंबर 78 रामपुरा फाटक पर 41.74 करोड़ की लागत से बनेगा।

दूसरा आरओबी लेवल क्रॉसिंग न. 73 शिकारपुर में 47.20 करोड़ की लागत से बनेगा। क्षेत्र वासियों की काफी लंबे समय से आरओबी बनाने की मांग थी। आरओबी ना होने से दोनों ही क्रॉसिंग पर घंटों जाम लगा रहता था।

दुनिया को बदलना है तो स्वयं पर विश्वास करना होगा : डी.बी.गुप्ता

- **'स्वामी विवेकानंद का जीवन चरित्र प्रेरणा का स्त्रोत'**

जयपुर, (का.सं.)। मुख्य सूचना आयुक्त डी.बी. गुप्ता ने कहा कि दुनिया को बदलना है तो स्वयं पर विश्वास करना जरूरी है। लक्ष्य को सावधानीपूर्वक तय करो और उस पर ध्येय बनाओ। योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि विचार दूर तक जाते है, शब्द गौण है। हमारी सोच हमारी दिशा तय करती है।

डी.बी. गुप्ता शनिवार को यहां रामकृष्ण मिशन परिसर में रामकृष्ण मिशन के 125वें जयन्ती कार्यक्रमों के समापन अवसर पर हमारे राष्ट्र के निर्माण में स्वामी विवेकानंद का योगदान विषय पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के संबंध में टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि दूसरों से अलग करने की कोशिश करो। शार्टकट कभी फायदा नही देगा। जिज्ञासा जीवन में महत्वपूर्ण है।

मुख्य सूचना आयुक्त डी.बी. गुप्ता ने शनिवार को रामकृष्ण मिशन परिसर में रामकृष्ण मिशन के 125वें जयन्ती कार्यक्रमों के समापन अवसर पर संबोधित किया।

उन्होंने रामकृष्ण मिशन परिसर की 1968 से 1976 की अपनी यादों का जिक्र किया। उन्होंने अपने दादाजी स्वर्गीय भूषण गुप्ता का जिक्र करते हुए अपने जीवन में उनके प्रभावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों ने बचपन में ही मुझे प्रभावित किया और उनके बल पर आगे बढ़ा। प्रारंभ में प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वामी विवेकानंद के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने मुख्य सूचना आयुक्त डी.बी. गुप्ता के व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला।

रामकृष्ण मिशन दिल्ली के सचिव स्वामी सर्वलोकानंद ने कहा कि भारत की आध्यत्मिकता एवं धर्म प्राण है। उसे भूलने से पतना अवस्था आती है। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि भारत फिर उठेगा, भारत फिर बढ़ेगा और वह अतीत के गौरव से भी आगे बढ़ेगा। चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिग ने भारत की प्रतिभा का परिचय कराया है।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

बी.आर.एस. जयपुर/2023/582
दिनांक- 07.10.2023
बाल रश्मि सोसायटी पंजीकृत संस्था द्वारा ग्राम मानसर-खेडी की कृषि भूमि में से कुछ भूमि संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विक्रय की जा रही है।
सचिव-मो.नं. 9828497862

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य जसवन्त सिंह पुत्र स्व. श्री मगन सिंह 439 जसवन्त नगर, खातीपुरा, जयपुर-302012 के निवासी है, इनके पुत्र भानु प्रताप सिंह व उसकी पत्नी प्रेरणा शेखावत उनके कहने में नहीं है, इसलिए मेरे अभिभाष्य ने इनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में कोई व्यक्ति/संस्था इनसे संव्यवहार करता है तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, सूचित रहे।
पुरूषोत्तम दास शर्मा, एडवोकेट
दिनांक-07.10.2023 मो.नं. 9784997305

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-10452 दिनांक- 03.10.2023
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 68/219(HIG), (एरिया 112.00 वर्गमीटर) का आवंटन श्रीमती गीतान्जली शर्मा पत्नी श्री गोपाल दास शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1278 दिनांक 28.08.1996 को जारी किया गया था। श्रीमती गीतान्जली की मृत्यु दिनांक 27.12.2022 को हो जाने के कारण उनके पुत्री श्रीमती ललीता शर्मा पत्नी स्व. श्री अमर लाल शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती ललीता शर्मा पत्नी स्व. श्री अमर लाल शर्मा का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा.मण्डल जयपुर

रजि. नं. 2544/ एल दिनांक 31.07.1972
शंकर भवन निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर
ए-4, अल्पना कॉलोनी विस्तार, खातीपुरा रोड, झोटवाड़ा, जयपुर
आम-सूचना दिनांक: 07/10/2023
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि समिति की योजना ग्रीनपार्क B स्थित नांगल जैसा बोहरा में प्लाट नं. 150 क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज दिनांक 13/01/95 को श्री राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री सूरजमल शर्मा के नाम से आवंटन पत्र व रसीद साईड प्लान जारी किये गये थे। उक्त प्लाट के आवंटन पत्र व रसीद हेतु गुमशुदगी करधनी थाने में दर्ज कराई व श्री राजेश कुमार शर्मा के आवेदन के आधार पर डुप्लीकेट आवंटन पत्र व रसीद साईड प्लान के लिए समिति में आवेदन किया है। अतः किसी संस्था या व्यक्ति को ऐतराज हो कार्यालय दिवस में दस दिन में ऐतराज दर्ज करावें वरना मियाद बाद डुप्लीकेट कागजात श्री राजेश कुमार शर्मा के पक्ष में जारी कर दिये जायेंगे।
(मंत्री) 9828151759

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत जिला जज क्रम 1 जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर
जमवारामगढ नव गृह निर्माण सहकारी समिति बाबत भँवर लाल वगै.
दावा बाबत-सेविका की विशिष्ट अनुपालना
मुकदमा नम्बर दीवानीवाद 110/18
(1) मीना (2) पूजा पुत्रियां वल्द ओम प्रकाश निवासीगण प्लाट 16, रामेश्वर धाम-।। गायत्री सिनेमा के पीछे नायला रोड कानोता, जयपुर।
चूंकि वादी ने इस अदालत में तारीख 16.2.2023को वादी बनाम मृतक ओमप्रकाश दायर की जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि जिसकी नकल साथ है। मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी ओम प्रकाश मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप कायम मुकाम बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा वगर्ज जवाब देही 4.11.2023 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 4.10.2023 को जारी किया गया।
रीडर ग्रेड-प्रथम
(मोहर अदालत) अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम.1 जयपुर महानगर द्वितीय

खोया पाया

प्लॉट नं. 77, 76-सी, सुमेर नगर प्रथम, ग्राम-खेजडों का बास, सांगानेर, जयपुर को मूल पट्टा जो कि अंजू कंवर धर्मपत्नी सुरेन्द्र कुमार के नाम था कहीं गुम हो गया है कृपया मिलने पर सूचित करें-8949698688

मेरे प्लॉट नम्बर 23 अरविन्द नगर जगतपुरा के मूल पट्टा, साईड प्लान, स्टाम्प पेपर कहीं खो गये है। मिलने पर सूचित करें। ममता मीना मोबाइल-9811329335

मेरे प्लाट नं. 1-ए, प्लाट नं. 5 हनुमान विहार विस्तार, ग्राम बगरूकलां, जयपुर एवं शॉप नं. 7, 8 शिव विहार, ग्राम बगरूकलां, जयपुर के मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मानसरोवर में खो गए है जो कि सोमा देवी अशोक कुमार के नाम से रजिस्टर्ड है कृपया मिलने पर सूचित करें-9828097232

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य भंवरपाल सिंह पुत्र स्व. श्री चतर सिंह 189-190 महाराणा प्रताप नगर, लाल मंदिर के पास, खातीपुरा, जयपुर-302012 के निवासी है, इनके पुत्र देवेन्द्र सिंह, उसकी पत्नी वंदना राठौड व उसका पुत्र उनके कहने में नहीं है, इसलिए मेरे अभिभाष्य ने इनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में कोई व्यक्ति/संस्था इनसे संव्यवहार करता है तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, सूचित रहे।
पुरूषोत्तम दास शर्मा, एडवोकेट
दिनांक-07.10.2023 मो.नं. 9784997305

सूचना
क्रमांक-231454 दिनांक- 07.10.2023
सूचित किया जाता है एक दो पहिया वाहन हीरो फैजर जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ14-BV-6195 है। उक्त वाहन राकेश कुमार श्रीवास्तव के नाम से पंजीकृत है तथा श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव का स्वर्गवास दिनांक 30 जुलाई 2023 को जयपुर में हो गया है और उनके बाद उनका पुत्र मेरे अभिभाष्य साकेत श्रीवास्तव पुत्र स्व. राकेश कुमार श्रीवास्तव निवासी सी-291, वैशाली नगर जयपुर कानूनी वारिस होने के कारण उक्त वाहन को अपने नाम से जिला परिवहन कार्यालय जयपुर में ट्रांसफर करवा रहे है, तथा उक्त वाहन का रजिस्ट्रेशन व इंश्योरेन्स साकेत श्रीवास्तव अपने नाम से करवाना चाहते है, अगर किसी भी व्यक्ति संस्था, को उक्त बाबत कोई आपत्ति हो तो मुझे 7 दिन में सूचित करें अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।
दिलीप मौर्य, एडवोकेट, 625, कटेवा नगर, न्यू सांगानेर रोड सोडाला, जयपुर राजस्थान, मोबाईल-9664040683

नाम परिवर्तन

मैंने मेरा नाम श्रीमती विकास कंवर से बदलकर श्रीमती विकास शेखावत रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना जावें एवं मेरे सेवाभिलेख में भी नाम संशोधन किया जावें। निवासी 8-ए, केसर नगर, पांच्यावाला, जयपुर

I, hereby confirm that Pranes Sharma and Praneh Sharma both are my name on various documents in future I should be known as Praneh Sharma S/o Lt. Sh.. Peekaj Sharma R/o- Flat No-108, Sunshine Simphony, Jaisinghpura, Jaipur

I have change my name from Ashok Kumar to Ashok Kumar Thawrani s/0 sh. Leela Ram Thawrani R/o 44/177, Rajat Path, Mansarovar Jaipur In future I know and recognised from my new name.

I Have change my name from Aruna Alias Kanchan to Aruna Thawrani W/o Shri Ashok Kumar Thawrani R/o 44/176- 177, Rajat Path, Mansarovar, Jaipur. In future I know and recognized from my new name.

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 4334/2023
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी अर्चना जौहरी पुत्री स्व. श्री नरेन्द्र प्रसाद जौहरी उर्फ नरेन्द्र पी. जौहरी पत्नी श्री राजपाल उम्र 53 वर्ष, वर्तमान पता- मकान नम्बर सी-392-ए, शांति नगर-बी, गुर्जर की थडी जयपुर। पूर्व पता आधार अनुसार 35/72 रजत पथ, मानसरोवर जयपुर मृतक नरेन्द्र प्रसाद जौहरी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 17.10.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम नरेन्द्र प्रसाद जौहरी उर्फ नरेन्द्र पी. जौहरी पुत्र स्व. श्री बाल मुकंद सहाय सक्सेना उर्फ (बी.एम. सक्सेना) बी-290, शांति नगर गुर्जर की थडी मानसरोवर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 17 माह 10 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 04 माह 10 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीया ने मृतक नरेन्द्र प्रसाद जौहरी के नाम प्रार्थना पत्र में वर्णित चल सम्पत्ति बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
(मोहर अदालत) आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर-प्रथम

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
संख्या : जीएसयू /जेपी /ईएल/
निविदा सूचना/23-24 दिनांक: 06.10.2023
व.मं.बि.इंजी.(टीआरडी एण्ड जीएसयू), उ.प.रे, जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **एनआईटी संख्याः जीएसयू-जेपी-ईएल एबीएसएस-23-24-11आर. कार्य का नामः** टीआरडी वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड एफओबी (फुट ओवर-ब्रिज) एण्ड/ऑर हाई लेवल प्लेटफार्मस् एट रेवाड़ी, खैरथल, अलवर, राजगढ़, बांदीकुई एण्ड दौसा स्टेशनस् ऑवर जयपुर - डीविजन अण्डर अमृत भारत स्टेशन स्कीम। **अनुमानित लागत (रु): 1,66,16,310.95. बिड सिक्युरिटि राशि (रु): 2,33,100/-. निविदा खोलने की तिथि : 31.10.2023. नोटः ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक । ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय : निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे बाद।** सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता : **http://www.ireps.gov.in**
1080-AK/23
हमें /NWRailways पर फॉलो करें